जय बजरंगी राम के संगी दीनन पर उपकार करो लिरिक्स

जय बजरंगी राम के संगी,
दीनन पर उपकार करो,
जो शरणागत है प्रभु तेरी,
उनका बेड़ा पार करो।**bd।**

[तर्ज – नाम है तेरा तारणहारा।]

तुमने सारे उनके कारज,
जिनने तुमको ध्याया,
खाली हाथ नही लौटाया,
द्वार तेरे जो आया,
मैं भी सवाली बनकर आया,
प्रभु कृपा एक बार करो,
जो शरणागत है प्रभु तेरी,
उनका बेड़ा पार करो।**bd।**

लक्ष्मण के प्रभु प्राण उबारे,
धौलागिरी कर धर लाये,
पल भर मे मूर्छा से जागे,
जब वो संजीवनी खाये,
जय हो राम दूत प्रभु तेरी,
सुखी सकल संसार करो,
जो शरणागत है प्रभु तेरी,
उनका बेड़ा पार करो।**bd।**

अति बलधारी प्रभुवर तुम हो,
नाम से सब दुश्मन कापें,
संकट कोई भी छू न पाये,
नाम तेरा जो भी जापे,
'राजेन्द्र' तेरी कृपा मांगे,
प्रभु ना अब इंकार करो,
जो शरणागत है प्रभु तेरी,
उनका बेड़ा पार करो।**bd।**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com
जय बजरंगी राम के संगी,

दीनन पर उपकार करो,
जो शरणागत है प्रभु तेरी,
उनका बेड़ा पार करो।bd।

गायक / गीतकार – राजेंद्र प्रसाद सोनी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com